शिरडीवाले साईनाथ की सुन लो पावन वानी

शिरडीवाले साईनाथ की सुन लो पावन वाणी,
शिरडीवाले साईनाथ की सुन लो पावन वाणी॥

सबका मालिक एक साईं ने ये सबको समझाया,
प्यार से मिलकर रहना हमको साईं ने सिखलाया,
साईं ने सिखलाया..
ढाई अक्षर पढ़े प्रेम का, बन जाए वो ज्ञानी,
बन जाए वो ज्ञानी..
शिरडीवाले साईनाथ की सुन लो पावन वाणी,
शिरडीवाले साईनाथ की सुन लो पावन वाणी।

सब धर्मों ने एक बात है बार-बार दोहराई,
अलग अलग राहें पर मंजिल एक सभी की भाई,
एक सभी की भाई..
एक ही सागर में जो मिलता सब नदियों का पानी,
सब नदियों का पानी..
शिरडीवाले साईनाथ की सुन लो पावन वाणी,
शिरडीवाले साईनाथ की सुन लो पावन वाणी।

श्रद्धा और सबुरी दोनों ईश्वर तक ले जायें,
निर्मल हो मन जिसका वो ही, ईश्वर दर्शन पाए,
ईश्वर दर्शन पाए..
ईश्वर एक है नाम अनेका, बात ये सबने मानी,
बात ये सबने मानी..
शिरडीवाले साईनाथ की सुन लो पावन वाणी,
शिरडीवाले साईनाथ की सुन लो पावन वाणी।

एक गगन की छत के नीचे धरती एक हमारी,
एक हवा में साँसे लेकर जीते हम संसारी,
जीते हम संसारी..
परम आत्मा एक है सबमें जीवन धन का दानी,
जीवन धन का दानी..
शिरडीवाले साईनाथ की सुन लो पावन वाणी,
शिरडीवाले साईनाथ की सुन लो पावन वाणी.........

स्वर : अनूप जलोटा

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/24364/title/shirdi-wale-sainath-ki-sunlo-paawan-vaani

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |